# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

**E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444**


पत्रांक- 3039 /12-1 , कोटबंगला दिनांक 10 /05/2023

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड
मुनिकीरेती।

विषय :– **नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी के प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण हेतु हुर्री में 0.92 हे0 वन भूमि का प्रत्यावर्तन। प्रपोजल संख्या–FP/UK/OTHERS/43291/2019.**

सन्दर्भ :– **अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण कार्यालय देहरादून का पत्रांक–276/ FP/UK/OTHERS/43291/2019. दिनांक 29.07.2021**

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विषयगत प्रस्ताव में कतिपय कमियां इंगित कर प्रस्ताव इस निर्देश के साथ वापस लौटाया गया था कि उक्त कमियों का निराकरण याचक विभाग से करवाकर संशोधित प्रस्ताव आपके माध्यम से उच्च स्तर को प्रेषित किया जाए।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में याचक विभाग द्वारा अपने कार्यालय पत्र सं0–निम/सामान्य/2023 दिनांक 06.05.2023 द्वारा विषयगत प्रस्ताव में इंगित कमियों का निराकरण कर उक्त प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है।

अतः इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विषयगत वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में उच्च स्तर से इंगित कमियों का निराकरण कर दिया गया है तथा उक्त प्रस्ताव की चार हार्ड प्रतियां एक मूल प्रति सहित प्रयोक्ता एजेंसी के माध्यम से आपके कार्यालय में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत की जा रही है।

**संलग्नक :– प्रस्ताव की चार प्रतियां।**

भवदीय,

**(पुनीत तोमर)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

O/C

पत्रांक 3035 /12-1 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित –

1. जिलाधिकारी उत्तरकाशी।
2. प्रधानाचार्य, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी, को इस आशय से प्रेषित कि अपने किसी प्रतिनिधि को इस कार्यालय में भेजकर प्रस्ताव प्राप्त करवाकर वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त कार्यालय मुनिकीरेती को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

**(पुनीत तोमर)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।